इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
# INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY

## IGNOU REGIONAL CENTRE BHAGALPUR
## INFORMATION BROCHURE
## 2017





*Democratizing Education*



## इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर
## सूचना विवरणिका
## २०१७

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर,
तीसरा तल सुमन प्लाजा, सेन्ट्रल जेल रोड,
तिलकामांझी, भागलपुर–812001
दूरभाष : 0641 2610055/77
ई–मेल– rcbhagalpur@ignou.ac.in
वेबसाईट– www.ignou.ac.in, www.rcbhagalpur.ignou.ac.in

IGNOU Regional Centre Bhagalpur

## इग्नूः जन जन का विश्वविद्यालयः

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना 1985 में संसद के अधिनियम द्वारा निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की गई :

- शिक्षा को विद्यार्थियों के द्वार तक पहुँचाकर उच्च शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करना;
- आयु, क्षेत्र, धर्म और जेंडर (लिंग) पर विचार किए बिना शिक्षा पाने के इच्छुक सभी लोगों को उच्च कोटि की शिक्षा सुलभ कराने की व्यवस्था करना;
- वृत्तिक एवं व्यवसायमूलक पाठ्यक्रमों द्वारा आवश्यकता.आधारित शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करना;
- भारत में दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा विकसित करना;

## प्रमुख विशेषताएँः

इग्नू की कुछ अद्वितीय विशेषताएँ निम्न प्रकार हैंः

- अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकार
- लचीले प्रवेश नियम
- व्यक्तिनिष्ठ अध्ययन : स्थान, समय और अध्ययन की अवधि के संबंध में लचीलापन
- नवीनतम सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का प्रयोग
- विद्यार्थी सहायता सेवाओं का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क
- लागत प्रभावी कार्यक्रम
- कार्यक्रमों के लिए माड्यूलर उपागम
- परंपरागत विश्वविद्यालयों, मुक्त विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों/संगठनों के साथ संसाधन आदान.प्रदान, सहयोग और नेटवर्क की स्थापना
- विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार सामाजिक और शैक्षिक रूप से प्रासंगिक कार्यक्रम
- मुक्त एवं परंपरागत शिक्षा पद्धतियों का समागम।

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

- विश्व में विशालतम मुक्त विश्वविद्यालय के रूप में इग्नू का आविर्भाव।
- कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग द्वारा दूर शिक्षा में श्रेष्ठता के केन्द्र के रूप में मान्यता (1993)
- कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निग द्वारा दूर शिक्षा सामग्री के लिए उत्घ्टता पुरस्कार (1999)
- शिक्षा चैनल 'ज्ञान दर्शन' का चौबीसों घंटे प्रसारण। इग्नू इन चैनलों के लिए नोडल एजेंसी है और ई.एम.पी.सी. (चार केंद्र)
- इग्नू में स्थित स्टूडियो से कार्यक्रों का नियमित प्रसारण किया जाता है।
- यूनेस्को ने 2010 में इग्नू को विश्व में उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा संस्थान घोषित किया ।
- विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री की तत्काल आपूर्ति।
- अध्ययन सहायता प्रणाली की सबसे बड़ी प्रणाली।
- 45 दिन के अंदर परीक्षा परिणाम की घोषणा।

## इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर :

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर बिहार राज्य में इग्नू का चौथा क्षेत्रीय केन्द्र है जिसकी स्थापना 2011 में की गई। इसका प्राधिकार क्षेत्र कुल तीन जिलो भागलपुर, मुगेंर और बांका तक फैला हुआ है। यह क्षेत्रीय केन्द्र इन तीनो जिलो में अवस्थित अपने चार नियमित अध्ययन केन्द्रों, चार विशेष अध्ययन केन्द्रों तथा दो कार्यक्रम अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा दूर दराज के ग्रामीण इलाको के उपेक्षणीय एवं सुविधा–वंचित वर्गो में ज्ञान और कौशल के विकाश में अत्यंत महत्वपूर्ण भुमिका निभा रहा है।

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर अपने अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से 10 स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम, 06 स्नातक उपाधि कार्यक्रम 07 पी.जी डिप्लोमा कार्यक्रम, 05 डिप्लोमा कार्यक्रम, 20 प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में नामांकन एवं पुनः नामांकन कि सुविधा उपलब्ध कराता है।

## ऑन–लाइन प्रवेश प्रणालीः

प्रवेश फार्म को http://onlineadmission.ignou.ac.in पर ऑन–लाइन प्रवेश प्रणाली द्वारा जमा कराया जा सकता है। इस समय, यह सुविधा मेरिट और प्रवेश परीक्षा आधारित कार्यक्रमों को छोड़कर सामान्य विवरणिका के माध्यम से प्रदान किए जा रहे कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध है। प्रवेश के इच्छुक विक्षार्थियों को प्रणाली को खोलने, अपेक्षित प्रमाणपत्रों को इसमें डालने और ऑन–लाइन फार्म जमा करने के लिए अपनी एक प्रयोक्ता आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। प्रवेश फार्म की मुद्रित प्रति क्षेत्रीय केंद्र के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है।

पेमेंट गेटवे का उपयोग कर कार्यक्रम शुल्क का भुगतान ऑन–लाइन किया जा सकता है। प्रवेश फार्म को ऑन–लाइन जमा करने के बाद विद्यार्थी अपने प्रवेश की प्रगति की निगरानी कर सकता है। प्रवेश की पुष्टि प्रणाली में पंजीकृत मोबाइल नम्बर और ई–मेल आईडी पर संदेश भेजकर की जाती है।

ऑन–लाइन प्रवेश प्रणाली शैक्षिक सत्र के दौरान प्रवेश फार्मों की प्राप्ति के लिए उसी अनुसूची को अपनाती है जिसे प्रवेश फार्मों की ऑफ–लाइन प्रणाली के लिए तैयार किया जाता है। इस प्रणाली से प्रवेश फार्म जमा कराने के इच्छुक शिक्षार्थी इग्नू की वेब साइट http://www..ignou.ac.in से विवरणिका निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। तथापि, इस मामले में कार्यक्रम शुल्क के साथ प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में रु.100/– प्रभार के रूप में लिया जाता हैं।

**शिक्षण पद्धतिः** इस विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति परंपरागत विश्वविद्यालयों की शिक्षण पद्धति से भिन्न है। मुक्त विश्वविद्यालय की पद्धति विद्यार्थी प्रधान शिक्षण पद्धति है। इस पद्धति के अंतर्गत अधिकतर शिक्षण कक्षा में आमने–सामने न देकर बहुमाध्यम पद्धति से दूर से ही दिया जाता है।

इस विश्वविद्यालय में शिक्षण के लिए निम्नलिखित बहुमाध्यम पद्धति अपनाई जाती हैः

- स्वयं –शिक्षण के लिए मुद्रित सामग्री
- ऑडियो और वीडियो कैसेट
- दूरदर्शन के माध्यम से शिक्षण
- विद्वान परामर्शदाताओं द्वारा रूबरू परामर्श

- टेलीकांफ्रेंस/ऐडूसेट
- सत्रीय कार्य

आरक्षणः विश्वविद्यालय भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ी जातियों के कमजोर वर्गों, युद्ध विधवा, कश्मीरी प्रवासी और शारीरिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के लिए अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों के आरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। लेकिन किसी भी वर्ग द्वारा नकली प्रमाणपत्र जमा कराने पर न केवल प्रवेश रद्द हो जाएगा, बल्कि भारत सरकार के नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

विकलांग विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त अवसरः (i) 40% अथवा इससे अधिक विकलांगता वाले विद्यार्थियों को सभी अकादमिक कायर्क्रमों के लिए निर्धारित अधिकतम अवधि के अलावा 2 (दो) अतिरिक्त वर्ष का समय दिया जाता है।

(ii) उपर्युक्त सुविधा का लाभ प्रदान करने के इच्छुक विकलांग विद्यार्थियों को सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया 'असक्षमता प्रमाण पत्र' संबंधित क्षेत्रीय केंद्र में जमा कराना चाहिए, जो इसे सत्यापित कराकर डाटाबेस में प्रविष्टि करेंगे और डाटा के मास्टर रिकॉर्ड में अद्यतन करने के लिए विद्यार्थी पंजीकरण प्रभाग को भेजेंगे।

(iii) विकलांग विद्यार्थियों को पनुः प्रवेश की सुविधा यथानपुात शुल्क के बिना ही दी जाएगी अर्थात मामले के अनुसार उनकी अध्ययन की अधिकतम अवधि में छह महीने/एक वर्ष/दो वर्ष का विस्तार निःशुल्क किया जाएगा। तथापि, विकलांग विद्यार्थियों को अनुसूची के अनुसार, यथानुपात शुल्क के बिना पुनःप्रवेश पत्र जमा कराना अपेक्षित है।

छात्रवृत्तियाँ और शुल्क की प्रतिपूर्तिः आरक्षित श्रेणियों अर्थात अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और विकलागं विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय अन्य सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों के साथ पूरे शुल्क का भुगतान करना होगा।

इग्नू कार्यक्रमों में दाखिला प्राप्त उपर्युक्त श्रेणी के छात्र भारत सरकार की छात्रवृत्ति के पात्र हैं। ऐसे छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे कार्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए अपने राज्य के समाज कल्याण निदेशालय या समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय से छात्रवृत्ति के फॉर्म लें और भरे हुए फॉर्म इग्नू के सम्बद्ध क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक (जहाँ उन्होंने प्रवेश के लिए आवेदन किया है और उनका कार्यक्रम में प्रवेश/पंजीकरण हुआ है) के पास क्षेत्रीय निदेशक द्वारा आवश्यक प्रमाणन के लिए जमा कर दें।

उपर्युक्त प्रमाणन के बाद, छात्रवृत्ति के फॉर्म क्षेत्रीय केंद्र से एकत्र किए जाएगें और उनके राज्य में समाज कल्याण अधिकारी या समाज कल्याण निदेशालय जैसा भी मामला हो, छात्रवृत्ति या कार्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए पुनः जमा किए जाएंगे।

स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों के लिए विकलांग व्यक्तियों के रोजगार के संवर्द्धन के लिए राष्ट्रीय केंद्र (NCPEDP) की छात्रवृत्ति योजना इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी लागू है। इस प्रकार के विद्यार्थी छात्रवृत्ति देने वाले प्राधिकारी को सीधे आवेदन कर सकते हैं।

एस.सी.एस.पी. और टी.एस.पी. योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शुल्क में छूटः विश्वविद्यालय के निर्णय के अनुसार एस.सी.एस.पी. और टी.एस.पी. के अंतगर्त जुलाई 2017/जनवरी, 2018 सत्रों के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित विद्यार्थियों के लिए सभी प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक उपाधि ( बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी, बी.एस.डब्ल्यू., बी.टी.एस. एवं बी.सी.ए. {केवल प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर}) कार्यक्रमों में नामांकन एवं पुनः नामांकन में शुल्क में छूट/प्रतिपूर्ति की योजना लागू है।

जेल में रह रहे कैदियों को इग्नू कार्यक्रमों में शुल्क में छूटः जेल में रह रहे कैदियों को कार्यक्रम के शुल्क तथा विवरणिका की लागत आदि से छूट प्राप्त है। ट्रॉयल के अधीन/लघु अवधि के कैदी भी इस तरह की छूट के हकदार हैं, जैसे कि अन्य कैदियों को प्राप्त है, परंतु शर्त यह है कि जब वे जेल से बाहर जाएंगे तब उन्हें सामान्य विद्यार्थियों की तरह ही समझा जाएगा और उन्हें इसके बाद के शुल्क, जहां भी लागू हों (परीक्षा शुल्क, पुनःपंजीकरण शुल्क, पुनःप्रवेश के लिए यथानुपात शुल्क, दीक्षांत समारोह आदि के लिए पंजीकरण शुल्क देने होंगे)।

ट्रांसजेंडर्स समुदाय के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क में छूटः इग्नू अपने सभी प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों में ट्रांसजेंडर्स समुदाय को निःशुल्क पढाई करने का अवसर प्रदान कर रहा है। इग्नू की इस शैक्षणिक पहल से ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा से जुड़ने में मदद मिलेगी और उनका मानसिक और शैक्षणिक स्तर सुधरेगा।

हैण्डलूम बुनकर समुदाय के अभ्यर्थियों कि लिए बी0पी0पी0 और सी0एल0पी0 कार्यक्रमों में शुल्क में छुटः इग्नू अपने बी0पी0पी0 और सी0एल0पी0 कार्यक्रमों हैण्डलूम बुनकर समुदाय के अभ्यर्थियों को निःशुल्क पढाई करने का अवसर प्रदान कर रहा है। इग्नू की इस शैक्षणिक पहल से हैण्डलूम बुनकर समुदाय को मुख्य धारा के जुड़ने में मदद मिलेगी और उनका मानसिक और शैक्षणिक स्तर सुधरेगा।

मान्यताः इग्नू की सभी उपाधियाँ/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू.) के सभी सदस्य विश्वविद्यालयों द्वारा मान्य हैं और यू.जी.सी. के परिपत्र सं. एफ–1–52/2000(सीसीपी.प्प) दिनांक 5 मई, 2004, ए.आई.यू. परिपत्र सं.ई.वी/11(449/94/176915–177115) दिनांक 14 जनवरी 1994, एआइसीटीई के परिपत्र सं एआइसीटीइ/एकेडमिक/एमओयू. – डीईसी/2005 दिनाकं मई 13, 2005 आरै यू.जी.सी./डी.ई.बी./2013 दिनाकं 14 अक्टूबर 2013 के अनुसार सभी भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थाओं की उपाधियों/डिप्लोमा/प्रमाणपत्रों के समतुल्य हैं

## क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर के अंतर्गत जुलाई एवं जनवरी सत्र में प्रवेश हेतु कार्यक्रमों के लिये समयावधि, शुल्क और शिक्षा के माध्यम का विवरण

### स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | योग्यता/पात्रता | माध्यम | शुल्क | अवधि | सत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम विकास में एम.ए. (एम.ए.आर.डी.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9000/– रु. 4500/– प्रति वर्ष | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 2 | हिन्दी में एम.ए. (एम.एच.डी.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | हिन्दी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9000/– रु.4500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 3 | अंग्रेजी में एम.ए. (एम.ई.जी.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेजी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000/– रु. 4,500/– प्रति वर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 4 | अर्थशास्त्र में एम.ए. (एम.ई.सी.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 12,000/– रु. 6,000/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 5 | इतिहास में एम.ए. (एम.ए.एच.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000/– रु. 4,500/–प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 6 | राजनीति विज्ञान में एम. ए. (एम.पी.एस.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000/– रु. 4,500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 7 | लोक प्रशासन में एम.ए. (एम.पी.ए.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000/– रु. 4,500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 8 | समाजशास्त्र में एम.ए. (एम.एस.ओ.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथव | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000/– रु. 4,500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष, | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 9 | वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.कॉम.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा उच्चतर उपाधि। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 11,000/ रु. 5,500/ प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |

### स्नातक उपाधि कार्यक्रम

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | योग्यता/पात्रता | माध्यम | शुल्क | अवधि | सत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पर्यटन अध्ययन में स्नातक (बी.टी.एस.) | 10+2 या इसके समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी. | अंग्रेज़ और हिन्दी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 7,500/– रु. 2,500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 2 | कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (बी.सी.ए.) | 10+2 या इसके समकक्ष। | अंग्रेज़ी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 30,000/– रु. 5,000/– प्रति सेमेस्टर। | न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 3 | विज्ञान में स्नातक उपाधि (बी.एससी.) | विज्ञान विषयों सहित 10+2 अथवा इसके समकक्ष। | अंग्रेज़ी और हिंदी | बी.एससी. के लिए पूरे कार्यक्रम हेतु रु. 10,500/– रु. 3,500/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 4 | स्नातक में उपाधि (अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, लोकप्रशासन, समार्जशास्त्र, इतिहास, हिन्दी, अंग्रेजी एवं मनोविज्ञान ) | 10+2 अथवा इसके समकक्ष अथवा इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 6,000/– रु. 2,000/– प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | योग्यता / पात्रता | माध्यम | शुल्क | अवधि | सत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | वाणिज्य में स्नातक (बी.कॉम.) | 10+2 अथवा इसके समकक्ष अथवा इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेज़ी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 6,000 / – रु. 2,000 / – प्रतिवर्ष। | न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 6 | स्नातक उपाधि प्रारंभिक कार्यक्रम (बीपी.पी.) | कोई औपचारिक शैक्षिक योग्यता नहीं, न्यूनतम आयु 18 वर्ष। | अंग्रेज़ी, हिंदी, उड़िया, तमिल, बंगाली, मराठी, तेलुगू, मलयालम और गुजराती | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,000 / – | न्यूनतम 6 महीने और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| | **स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम** | | | | | |
| 1 | गाँधी और शांति अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.जीपी.एस.) | किसी भी विषय में स्नातक। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 3,500 / –. | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 2 | आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.डी.एम.) | किसी भी विषय में स्नातक। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 5,000 / –. | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 3 | ग्राम विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.आर.डी.) | स्नातक उपाधि। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश, जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 4 | अन्तरराष्ट्रीय व्यवसाय प्रचालन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.आई.बी.ओ.) | किसी भी विषय में स्नातक उपाधि अथवा इसके समकक्ष। | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 6,500 / – | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 5 | पर्यावरण और सतत विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.ई.एस.डी.) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातक उपाधि। | अंग्रेजी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 5,500 / – | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 6 | अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.टी.) | स्नातक उपाधि। | हिन्दी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 3,000 / – | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 7 | आपराधिक न्याय (पी.जी.डी.सी.जे.) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा | कोई स्नातक, अपराध शास्त्र, समाज कार्य में स्नातक और आपराधिक न्याय प्रशासन के कार्यकर्ता। | अंग्रेजी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 9,000 / – | न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| | **डिप्लोमा कार्यक्रम** | | | | | |
| 1 | एच.आई.वी. और परिवार शिक्षा में डिप्लोमा (डी.ए.एफ.ई.) | 10+2 या इसके समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी. या केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मैट्रिकुलेशन सहित उच्च शिक्षा। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 3,000 / – | न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 2 | पर्यटन अध्ययन में डिप्लोमा (डी.टी.एस.) | 10+2 या इसके समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 3,500 / – | न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 4 वष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 3 | पैरा लीगल प्रैक्टिस में डिप्लोमा (डी.आई.पी.पी.) | 10+2 या इसके समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 7,000 / – | न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 4 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा (डी.ई.सी.ई.) | 10+2 या इसके समकक्ष। | अंग्रेजी, हिंदी और तमिल। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 5 | पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एन.एच.ई.) | 10+2 या इसके समकक्ष। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |

## प्रमाणपत्र कार्यक्रम

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | योग्यता / पात्रता | माध्यम | शुल्क | अवधि | सत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आपदा प्रबंधन में प्रमाणपत्र (सी.डी.एम.) | 10+2 उत्तीर्ण या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 2 | पर्यावरण अध्ययन में प्रमाणपत्र (सी.ई.एस.) | 10+2 उत्तीर्ण या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 3 | भोजन एवं पोषण में प्रमाणपत्र (सी.एफ.एन.) | कोई औपचारिक योग्यता नहीं, प्रवेश फार्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख को न्यूनतम आयु 18 वर्ष। | अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल और उड़िया। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,100 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 4 | मानवाधिकार में प्रमाणपत्र (सी.एच.आर.) | 10वीं उत्तीर्ण या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 5 | मार्गदर्शन में प्रमाणपत्र (सी.आई.जी.) | मान्यता प्राप्त संस्थाओं के अध्यापक या मैट्रिकुलेशन / एस.एस.सी. उत्तीर्ण या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी, हिंदी और ओड़िया। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,100 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 6 | पोषण और शिशु देखभाल में प्रमाणपत्र (सी.एन.सी.सी.) | 10+2 उत्तीर्ण या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 7 | उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाणपत्र (सी.सी.पी.) | 10वीं उत्तीर्ण या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। शुल्क |
| 8 | द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी शिक्षण में प्रमाणपत्र (सी.टी.ई.) | स्नातक अथवा तीन वर्ष का बी.एल. एड. अथवा 2 वर्षीय पी.टी.टी., ई. टी. टी. अथवा 2 वर्ष के अध्यापन अनुभव के साथ 10+2 उत्तीर्ण। | अंग्रेजी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 9 | पर्यटन अध्ययन में प्रमाणपत्र (सी.टी.एस.) | 10+2 या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी | अंग्रेजी और हिंदी | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 10 | सूचना प्रौद्योगिकी में प्रमाणपत्र (सी.आई.टी.) | 10वीं उत्तीर्ण या एस.एस.सी. या इग्नू से बी.पी.पी. या माइक्रोसॉफ्ट में डी. एल.सी. या समकक्ष। | अंग्रेजी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 4,000 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 11 | एच.आई.वी. और परिवार शिक्षा में प्रमाणपत्र | 10+2 या इसके समकक्ष अथवा इग्नू से बी.पी.पी. अथवा केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उच्च | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में |
| 12 | प्रयोगशाला तकनीक में प्रमाणपत्र (सी.पी.एल.टी.) | विज्ञान विषयों सहित 10+2 या समकक्ष या उच्चतर माध्यमिक विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण या समकक्ष और स्कूल / कॉलेज / विश्वविद्यालय की विज्ञान प्रयोग शाला में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव या विज्ञान विषयों के साथ दसवीं पास और समकक्ष और स्कूल / कॉलेज / विश्वविद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला में कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 3,500 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 13 | मानव तस्करी रोकथाम में प्रमाणपत्र (सी.ए.एच.टी.) | 10+2 और संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण और इग्नू से सेतु पाठ्यक्रम करने वाले शिक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,100 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 14 | अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून में प्रमाणपत्र (सी.आई.एच.एल.) | 10+2 या समकक्ष या इग्नू से बी.पी.पी.। | अंग्रेजी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,200 / – | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | योग्यता/पात्रता | माध्यम | शुल्क | अवधि | सत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | ग्राम विकास में प्रमाणपत्र (सी.आर.डी.) | स्नातक उपाधि। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 16 | समाज कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रमाणपत्र (सी.एस.डब्ल्यू.सी.जे.एस.) | किसी भी विषय में स्नातक। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,100/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 17 | गाँधी और शांति अध्ययन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र (पी.जी.सी.जी.पी.एस.) | किसी भी विषय से स्नातक। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 2,000/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 18 | प्राथमिक विद्यालय गणित शिक्षण में प्रमाणपत्र (सी.टी.पी.एम.) | 10वीं उत्तीर्ण, प्रौढ़ व्यक्ति। | अंग्रेजी और हिंदी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 1,500/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश केवल जुलाई सत्र में उपलब्ध। |
| 19 | पेटेंट प्रैक्टिस में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र (पी.जी.सी.पी.पी.) | विज्ञान/प्रौद्योगिकी/मेडिसिन/कानून में स्नातक और समेकित एल.एल.बी पाठ्यक्रम के चौथे और पांचवें वर्ष के विद्यार्थी जो तीन वर्ष उत्तीर्ण कर चुके हैं। पेटेंट और प्रौद्योगिकी अंतरण कार्य से संबंधित विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। | अंग्रेजी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 8,000/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |
| 20 | साइबर कानून में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र (पी.जी.सी.सी.एल.) | किसी भी विषय में स्नातक या पंचवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के तीन वर्ष उत्तीर्ण करने वाले चौथे और पांचवें वर्ष के विद्यार्थी। | अंग्रेजी। | पूरे कार्यक्रम के लिए रु. 7,000/– | न्यूनतम छह माह और अधिकतम 2 वर्ष | प्रवेश जनवरी और जुलाई दोनों सत्रों में उपलब्ध। |

# क्षेत्रीय केन्द्र भागलपुर के अंतर्गत कार्यरत अध्ययन केन्द्रों की सूची

| क्र0 सं0 | अध्ययन केन्द्र कोड | अध्ययन केन्द्र | अध्ययन केन्द्र का नाम व पता | उपलब्ध कार्यक्रमों कि सूची | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0505 | नियमित | मारवाड़ी कॉलेज, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर–812007 | CFN, CTPM, CIG, CIT, CRD, CES, PGDRD, PGDDM, PGDESD, PGDT, DNHE, DECE, BPP, BA, BCOM, BCA, BCOM(F & A), Bsc, MAH, MARD, MCOM, MCOM(F & T), MEC, MEG, MHD, MPA, MP, MPS, MSO | 9934853210, 0641-2403143 |
| 2 | 0571 | नियमित | आर0डी0 एण्ड डी0जे0 कॉलेज मुगेंर–811201 | CDM, CCP, CRD, CHR, CTS, CTE, CAFÉ, CPLT, DAFE, PGDRD, PGDT, PGDDM, BPP, BA, BCOM, BSc, MEG, MSO, MHD, MAH, MEC, MPA, MPS, MARD, MCOM | 9934618207, 8271900546 |
| 3 | 0576 | नियमित | पी0 बी0 एस0, कॉलेज बांका–813102 | CTS, CES, CFN, CCP, CTE, CHR, CDM, DTS,DNHE, PGDRD, PGDIBO, BPP, BA, BCOM, BTS, MPA, MSO, MAH, MPS | 9431463612 |
| 4 | 82002 | नियमित | डी0 एन0 सिंह कॉलेज, भुसिया, रजौन बांका–813107 | PGCGPS, PGDGPS, BPP, BA, BCOM, BA(Psy), MCOM, MPS, MSO | 8804074846 |
| 5 | 82001D | विशेष | जिला जेल बांका–813102 | CFN, CTS, BPP, BA, BCOM | 9471009845, 8540955853 |
| 6 | 82003P | कार्यक्रम | टी0 एन0 बी0 लॉ कॉलेज बरारी रोड, तिलकामांझी चौक भागलपुर–812001 | CHR, CAHT, CIHL, CSWCJS, CCLBL, CCP, DIPP, PGCCL, PGCPP, PGDCJ | 9835011271 |
| 7 | 82004D | विशेष | स्पेशल सेंट्रल जेल भागलपुर–812001 | CRD, CFN, BPP, BA, BCOM | 0641-6210152, 0641-2611058 |
| 8 | 82005D | विशेष | शहीद जुब्बा साहनी, सेंट्रंल जेल भागलपुर–812002 | CFN, BPP, BA, BCOM | 0641- 2611751(O), 0641-2611051(R) |
| 9 | 82006D | विशेष | ताड़ार कॉलेज, ताड़ार भागलपुर–813105 | CTS, CFN, CNCC, DECE, BA, BTS | 9431689547 |
| 10 | 82007P | कार्यक्रम | केन्द्रीय विद्यालय जमालपुर मुंगेर–811214 | CPPDPT | 06344-243128 |


# इग्नू के द्वारा प्रदत्त ऑनलाइन सुविधायें

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय




विवरणिका में उल्लिखित सभी 148 शैक्षिक कार्यक्रमों में विद्यार्थी लिंक https://onlineadmission.ignou.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तत्काल प्रवेश फॉर्म जमा कराना, फॉर्म सफलतापूर्वक जमा होने की ई–मेल और एस.एम.एस. के जरिए तुरंत पुष्टि, शुल्क का ऑनलाइन भुगतान, दस्तावेजों की ऑनलाइन अपलोडिंग, क्षेत्रीय केंद्रों पर प्रवेश फॉर्म और प्रमाण–पत्रों की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता खत्म होना आदि इस ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली की मुख्य विशेषतायें है।

ई–ज्ञानकोश से विद्यार्थियों को विभिन्न वेब–आधारित प्लेटफॉर्मो से अपेक्षाकृत आसानी से विषय–वस्तु को खोजने और उस तक पहुॅंचने की सुविधा प्राप्त होती है। इग्नू द्वारा चलाए जा रहे 227 से अधिक कार्यक्रमों की अध्ययन सामग्री ई–ज्ञानकोश पर उपलब्ध हो सकेगी।







ज्ञान दर्शन–I चौबीसों घंटे प्रसारित होने वाला एक विशिश्ट राष्ट्रीय शैक्षिक चैनल है जिससे विविध विषयों के सर्वोत्तम कार्यक्रम प्रसारित किए जाते है और विभिन्न वर्गो के दर्शकों की जरूरतों को पूरा किया जाता है। इनमें शाला–पूर्व, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के विद्यार्थियों, कॉलेज/विश्वविद्यालय विद्यार्थियों, कैरियर अवसरों के इच्छुक युवाओं, गृहणियों और कामकाजी व्यावसायिक–विशेषज्ञ शामिल हैं।